**गड़बड़ी** | गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा,जारी रहेगा जीरो टॉलरेंस पॉलिसी मिशन

# धड़ाधड़ कर रहे कार्यवाह, एक्शन मूड में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

## नौनिहाल बच्चों के भविष्य के साथ नहीं होने देंगे खिलवाड़- बागड़े



**नवभारत/ नरसिंहपुर/गोटेगांव।** विकासखंड गोटेगांव के शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के विरुद्ध विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धांत बागडे की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपना असर दिख रही है। इन दिनों स्कूलों में होने वाले औचक निरीक्षण एवं अनियमितता पाए जाने पर की जाने वाली कार्यवाही न केवल चर्चा का विषय बनी हुई है बल्कि विभाग में हड़कंप की स्थिति भी निर्मित हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों छात्र-छात्राओं एवं मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सहायक संचालक सह खंड शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थ बागडे ने कड़ा रुख अपनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक के अनेक विद्यालय हैं जिनके शिक्षक राजनीतिक संरक्षण का हवाला देते हुए विद्यालयों में अध्यनरत नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं एवं शासन से मोटी तनख्वाह घर बैठे लेकर राजकीय कोष को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आश्चर्य जनक बात यह भी है बात यह भी है की वर्षों से एक ही विद्यालय में पदस्थ ऐसे शिक्षकों पर अब तक कोई कार्यवाही प्रस्तावित तक नहीं हो सकी है। अध्ययन छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व्यवस्था एवं शासन की मंशा के अनुरूप कड़ा रुख अपनाते हुए उक्त अधिकारी ने छापामार शैली में विद्यालयों का निरीक्षण किया जिसमें गंभीर अनियमितताओं का होना पाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला डोभ के प्रभारी प्रधान पाठक अतुल उपाध्याय बगैर किसी सूचना के 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक की स्थिति में कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए एवं उनके द्वारा विगत दिनों की डेली डायरी भी संधारित नहीं पाई गई, शासकीय प्राथमिक शाला सुकरी ,चरगवा एवं बहरोड़ा में तो ताला लटका मिला जिसका स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार करते हुए दंडात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

### अनियमितता पाई गई

देगुआ की प्रधानपाठक आशा कोरी न केवल अनुपस्थित पाई गई बल्कि शाला संचालन में भी घोर अनियमितता पाई गई, शासन द्वारा प्राप्त राशि से छात्राओं के शौचालय की मरम्मत नहीं करवाई गई, ततसंबंध में भी दंडात्मक कार्यवाही प्रचलन में लाई गई। कारण बताओ नोटिस जारी कर जिन शिक्षकों पर कार्यवाही प्रस्तावित की गई है उनमें प्रधानपाठक अतरिया, शिक्षिका निर्मला विश्वकर्मा, प्रधानपाठक पिपरिया लाठगांव एवं पदस्थ शिक्षक राजेश पटेल, प्रधानपाठक दोभ एवं शिक्षक हेमराज सोनी है। उक्त कार्यवाही से स्पष्ट संदेश है कि अब शिक्षा विभाग में छात्रहित सर्वोपरि है एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए जीरो टॉलरेंस होगा। खंड शिक्षा अधिकारी के साथ डी एल उइके प्राचार्य सर्रा, बीएसी दशरथ चढ़ार, जनशिक्षक वीरेंद्र सिंह छिरा एवं भूपेंद्र राजपूत निरीक्षण दल में शामिल थे।



## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिका परिषद गाडरवारा की सक्रियता

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गाडरवारा के मीटिंग हॉल में टिपर चालकों एवं हेल्परों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख एवं नोडल अधिकारी सत्यम जाट द्वारा सभी वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की गाइडलाइन के अनुसार अपने कार्यों का निर्वहन करें। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों एवं वाहन चालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और नागरिकों की शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा शास्त्र और शस्त्र के देवता भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर के मंगल भवन में सभी ब्राह्मणों का एकत्रीकरण कर एक सजीव झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से ढोल नगाड़ों अखाड़ों के साथ कलश गार्डन में जाकर मंचीय कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई। जिसमें पूर्व विधायक पूर्व विधायक संजय शर्मा दीनदयाल ढिमोले श्रीमती साधना स्थापक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा संतोष दुबे ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद दुबे नागेंद्र त्रिपाठी देवेंद्र पाठक सहित क्षेत्र के विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तहसील अध्यक्ष मुकेश पुजारी द्वारा स्वागत भाषण एवं युवाओं द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने संबोधित करते हुए समाज को संगठित होकर एक साथ कार्य करने और एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया। समाजों में बिखराव आपसी मनमुटाव के कारण बताये। युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर समाज की प्रगति के लिए उनका मार्ग प्रशस्त करना है।आने वाले समय में मंगलभवन के सामने भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने तथा चौराहे का नाम परशुराम चौक रखे जाने की घोषणा की गई। पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले ने अपनी बात रखते हुए स्पष्ट किया कि हम ब्राह्मण हैं और हमें अपने ब्राह्मण का दायित्व भली भांति निर्वहन करना होगा हमारी ब्राह्मण समाज मुख्य समाज है जो अन्य समाजों को शिक्षा दीक्षा देने का कार्य करती है। हमारे पूर्वजों द्वारा अपने बच्चों को संस्कृत पाठशाला में पढ़कर उन्हें अपनी कर्मकांड आदि के लिए प्रेरित किया जाता था परंतु वर्तमान समय बदल चुका है हमें अपने बच्चों को संस्कार बान बनाते हुए अपनी संस्कृति के लिए प्रेरित करना होगा। तेंदूखेड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में जितने भी ब्राह्मण परिवार हैं उन सबको समाज की मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। जब तक हम आपस में एक नहीं हो सकते तब तक समाज में एकता नहीं हो सकती शीघ्र ही तहसील स्तर पर एक समिति गठित की जाएगी जिसमें समाज के आर्थिक और गरीब परिवारों के लिए समाज से आर्थिक मदद मुहैया करा जा सके। तथा भगवान परशुराम जी के नाम से तेंदूखेड़ा में भी एक विशाल भवन निर्माण कार्य किया जाएगा जिसके लिए इसके लिये हर संभव आर्थिक सहायता का भरोसा दिलाया।यह भवन जब बनकर तैयार हो जाएगा जो ब्राह्मण समाज के साथ अन्य समाजों के लिए भी निशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर नारायण दुबे देवेंद्र पाठक नागेंद्र त्रिपाठी महेश अधरूज संतोष दुबे दीपक शंकटकर के द्वारा भी अपने विचार रखे गए।



## गाडरवारा में मां विंध्यवासिनी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवभारत/ गाडरवारा।** सुभाष वार्ड स्थित कुर्मी मोहल्ला में मां विंध्यवासिनी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन की शुरुआत 23 अप्रैल 2026, गुरुवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुई । आयोजन के तहत 23 अप्रैल से 1 मई 2026 तक नौ दिवसीय पूजन एवं हवन कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके पश्चात 2 मई 2026, शनिवार को कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजकों द्वारा क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। यह आयोजन समस्त मां भक्तों के सहयोग से संपन्न हो रहा है।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन एवं विकास मंत्रालय, वल्लभ भवन के निर्देशानुसार प्रदेश में दिनांक 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करना एवं महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना की महिला हितग्राहियों, अमृत योजना की अमृत मित्र महिलाओं, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत महिला समूहों, तथा पीएम स्वनिधि योजना से जुड़ी महिला स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यक्रमों में आमंत्रित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही स्व-सहायता समूह (स्.।त्न) के माध्यम से प्रशिक्षण, गोष्ठी एवं व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 22 अप्रैल 2026 को नगर पालिका द्वारा संचालित इंदिरा कन्या शाला में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र नागेश नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेन्द्र ठाकुर, पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतेन्द्र सालवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, इंदिरा कन्या शाला की प्राचार्या, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी सरकारी योजनाओं में भागीदारी बढ़ाना तथा उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाना है।



## मनाया जा रहा नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है ।जिसमें तेंदूखेड़ा ढिलवार मदनपुर मनकापुर केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा किशोरी बालिकाओं और गर्भवती माताओं की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किये गये इनमें चारू जैन 97 राजुल नायक 96 आदित्य सोनी 83 रिचा 90 प्रतिशत को सम्मनित किया गया ।इस मौके पर में प्रभारी परियोजना अधिकारी राजेश्वरी मेहरा पर्यवेक्षक कंचन तेकाम ने अपने अपने विचार रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लाड़ली लक्ष्मी योजना महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी दी।

### एक नजर में



## जा पर कृपा राम की होई ता पर कृपा करहिं सब कोई

**नवभारत/ करेली।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर महावीर हनुमान दादा बाड़ोर मंदिर करेली बस्ती में निर्धन तीन देवियों का विवाह दादा भक्त परिवार एवं जन सहयोग से मंदिर पुजारी पं. रज्जू महाराज के मार्गदर्शन एवं नर्मदा भक्त दादा गुरु कृपा पात्र अवधेश बाड़ोर धार्मिक एवं समाजसेवी मुकेश रघुवंशी माता वाले चौधरी मोहन सिंह रघुवंशी, राजू मास्साब के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। श्री रामचरित मानस रामायण जी की यह चौपाई जब चरितार्थ हुई जब तीनों निर्धन देवियों के माता-पिता मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अपने कागजात पूर्ण न होने के कारण लिस्ट में नाम न होने से परेशान हो रहे थे। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने से इस वर्ष वह शादी नहीं कर पा रहे थे ऐसे समय में महावीर दादा मंदिर के पुजारी पं. राजू महाराज द्वारा उन परिवारों को संबल देते हुए तीनो कन्याओं की शादी की जिम्मेदारी ली सभी महावीर दादा मंदिर परिवार एवं जन सहयोग से करने की विनम्र आग्रह किया।

## कलेक्टर रजनी सिंह ने गेहूं खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने गुरुवार को नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत गेहूं खरीदी केन्द्र न्यू चौकसे वेयर हाउस सिंहपुर समिति सिंहपुर, केजीएन वेयर हाउस भैंसा समिति ऊसरी, प्रकाश वेयर हाउस खमतरा सरस्वती समूह बकोरी का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान केन्द्रों में उपार्जन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर रजनी सिंह ने निरीक्षण के दौरान केन्द्रों में कम से कम 4-4 ग्रेडर मशीन, बड़े छन्ने, पंखे रखने के लिए कहा, जिससे गेहूं की सफाई प्रॉपर हो सके। सर्वेयर गेहूं की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से परीक्षण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों को बैठने के लिए छाया एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखे। गेहूं की बोरियों में खरीदी रजिस्टर में दर्ज किसान का सरल क्रमांक अनिवार्य रूप से लिखे। कलेक्टर सिंह ने आर.बी. एसोसिएट के सुपरवाइजर को सख्त निर्देश दिए गए की गुणवत्ता परीक्षण के सम्बंध सर्वेयरों को प्रॉपर जांच किट जैसे सिवसेट आदि उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए के सभी गेहूं केंद्रों की जांच कर उपार्जन केंद्रों में उक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र कुमार खोबरिया, ए.आर.सी.एस. सहकारिता, डी.एम. वेयर हाउस एवं सर्वेयर सुपरवाईजर मौजूद थे।

## स्टेट जीएसटी कार्यालय (वाणिज्यिक कर विभाग) का स्थान परिवर्तन

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** सहायक आयुक्त राज्य कर (जी.एस.टी.) नरसिंहपुर वृत्त ने बताया कि कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर नरसिंहपुर का कार्यालय अब 22 अप्रैल 2026 से विभागीय नवनिर्मित कार्यालय भवन मेथोडिस्ट चर्च के सामने, गांधी चौराहा, मेन रोड नरसिंहपुर स्थानांतरित हो गया है। पूर्व में यह कार्यालय कठल पेट्रोल पम्प, पुराना बस स्टेंड नरसिंहपुर में था।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 26 को आयोजित होगी

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को दो सत्रों में सम्पन्न होगा। पहला सत्र प्रात= 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2=15 बजे से सायं 4=15 बजे तक होगी। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी श्रीमती देवंती परते ने बताया कि जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 के लिए चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उक्त परीक्षाएं शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला कॉलेज नरसिंहपुर, शासकीय एम.एल.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर और शासकीय पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर में सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए।




## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगतदिवस मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेश चौकसे पूर्व पार्षद के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा। मामला प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा करेली में दिए गए बयान से जुड़ा है। मंत्री के बयान से आहत मध्य प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष एवं गोटेगांव नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशाल दल पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने नरसिंहपुर पहुंचा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा करेली में सामूहिक विवाह आयोजन के दौरान महिलाओं के सम्बन्ध में अपमानजनक बातें कही गई है जिससे महिलाओं की सम्मान को ठेस लगी है और इसलिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री पर एफआईआर दर्ज की जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में कैलाश रजक मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ,बिहारी चांदोरिया पूर्व पार्षद, मयंक, राजू, दीपक, गोली सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।

# गाडरवारा में विश्व पृथ्वी दिवस पर बावड़ी पूजन



**नवभारत/ गाडरवारा।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्षेत्र में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम चौगान में स्थित प्राचीन बावड़ी पर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड चीचली, जिला नरसिंहपुर द्वारा संचालित जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बावड़ी पूजन के साथ गौ माता पूजन भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर्षों से उपेक्षित पड़ी ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं पुनर्जीवन कार्य की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्य के अंतर्गत बावड़ी की साफ-सफाई, गाद निकासी, दीवारों की मरम्मत तथा जल संचयन क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संतजन, जनप्रतिनिधि, विभिन्न समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाएं, परामर्शदाता, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान कर इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। ऐसे प्रयासों से न केवल भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि भविष्य में जल संकट से भी राहत मिलेगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस प्रकार के अभियानों में भाग लेने का आह्वान किया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे ये प्रयास क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक माने जा रहे हैं।

# धर्म, संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान ही हमें सशक्त और आत्मविश्वासी बनाता है : शंकराचार्य



**नवभारत/ गोटेगांव।** बीते दिवस द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज का सुबह लगभग 10=00 बजे ग्राम बगलई में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आगमन हुआ। ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, जयघोष एवं मंगल ध्वनियों के साथ उनका अभिनंदन किया। बगलई आगमन के पश्चात परम पूज्य शंकराचार्य जी महाराज गोटेगांव सराफा बाजार स्थित श्री राम मंदिर पहुँचे, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका स्वागत किया गया उन्होंने भगवान श्री राम का पूजन अर्चन किया उसके पश्चात पादुका पूजन सर्व ब्राह्मण सभा के द्वारा संपन्न की गई। मंदिर परिसर में उन्होंने सनातन धर्मी उपस्थित गुरु भक्तों को स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन हेतु उमड़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। इसके पश्चात अपने विस्तृत एवं प्रेरणादायक प्रवचन में शंकराचार्य जी महाराज ने सनातन धर्म की गहराई और उसकी जीवनोपयोगी शिक्षाओं को सरल भाषा में समझाया उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के प्रत्येक पहलू को दिशा देने वाला व्यापक दर्शन है। यह धर्म हमें सत्य, अहिंसा, दया, सेवा और संयम का मार्ग दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक मनुष्य अपने आचरण में धर्म को नहीं उतारता, तब तक केवल ज्ञान अधूरा रहता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में समाज को सबसे अधिक आवश्यकता संस्कारों की है। परिवार और समाज में यदि धर्म आधारित जीवनशैली अपनाई जाए, तो अनेक समस्याएँ स्वतः समाप्त हो सकती हैं। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान ही हमें सशक्त और आत्मविश्वासी बनाता है। गौ माता के विषय में अपने उद्बोधन को विस्तार देते हुए शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आधारशिला है।

### शास्त्रों में गौ को 'विश्व की माता बताया

शास्त्रों में गौ को 'विश्व की माता' कहा गया है, क्योंकि वह केवल पोषण ही नहीं करती, बल्कि संपूर्ण पर्यावरण और मानव जीवन के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व भी है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि गौ संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर प्रयास करे—चाहे वह गौशालाओं में सहयोग हो, निराश्रित गौवंश की सेवा हो उन्होंने यह भी कहा कि जिस समाज में गौ माता का सम्मान होता है, वहाँ सुख, समृद्धि और शांति स्वतः आती है। अपने प्रवचन के अंत में शंकराचार्य जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने, सदाचार अपनाने एवं सेवा भाव को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया।

# कौड़िया पंचायत में 5 लाख का CCTV घोटाला,कैमरे लगे लेकिन सिर्फ दिखावे के लिए

**नवभारत/ गाडरवारा।** ग्राम पंचायत कौड़िया में सुरक्षा के नाम पर 5 लाख खर्च किए गए, लेकिन ज़मीनी सच्चाई चौंकाने वाली है कैमरे खंभों पर लटक रहे हैं न केबल, न DVR, न कोई मॉनिटर पूरा सिस्टम बंद और बेकार यानी सुरक्षा के नाम पर खुला खेल— भ्रष्टाचार का मेल तिरंगे का अपमान पंचायत भवन के सामने जय स्तंभ पर 26 जनवरी को लगाया गया राष्ट्रीय ध्वज आज भी फटा, गंदा और बदहाल हालत में लटका है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं यह राष्ट्रसम्मान के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीणों का सीधा सवाल 5 लाख गए कहां CCTV क्यों नहीं चालू ? तिरंगे का सम्मान क्यों नहीं ? सवालों के घेरे में पंचायत सचिव न सुरक्षा व्यवस्था संभाल पाए न राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बचा पाए जनता की मांग CCTV घोटाले की जांच हो जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही हो तिरंगे का तुरंत सम्मानपूर्वक प्रतिस्थापन हो ये



सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं जनता के भरोसे और देश के सम्मान पर हमला है कैमरे नहीं, भ्रष्टाचार लटक रहा है ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम रमाकांत पिता रुद्रभान सिंह (Ramakant S/O Rudrabhan Singh) था जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर रमाकांत कौरव पिता रुद्रभान सिंह (Ramakant Kourav S/O Rudrabhan Singh) हो गया है जो कि मेरे अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अत: अब मुझे इसी नाम रमाकांत कौरव पिता रुद्रभान सिंह (Ramakant Kourav S/O Rudrabhan Singh) से जाना पहचाना जाए।

पता:- गणेश वार्ड, इमलिया रोड करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. पिन कोड- 487221